अपर जनपद न्यायाधीश/न्यायालय विशेष न्यायाधीश (ई०सी० एक्ट) प्रतापगढ़ उ०प्र०

प्रथम अपील संख्या–७१/२०१२

मकबूल हुसैन आदि .... अपीलान्ट

बनाम

मो० तौफीक आदि ....रेस्पान्डेन्ट

दिनांक ०५.०२.२०२१

पुकार करायी गई पुकार पर अपीलान्ट्स के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित रेस्पान्डेन्ट अनुपस्थित।

अपीलान्ट्स की ओर प्रार्थना पत्र २७–ग–२ आदेश ५ नियम २० जा०दी० के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया। अपीलान्ट्स द्वारा प्रार्थना पत्र २७–ग–२ में निवेदन है कि उपरोक्त अपील में प्रार्थी ने रेस्पान्डेन्ट संख्या १/१/१ व रेस्पान्डेन्ट सख्या १/१/२ की तामीला हेतु नोटिस सम्मन व रजिस्ट्री की कार्यवाही करा दिया है। परन्तु तामीला नहीं हो सका है। रेस्पान्डेन्ट को मुकदमा के बारे में पूरी जानकारी है जानबूझकर अपीलान्ट को हैरान व परेशान करने की नियत से अदालत में हाजिर नहीं हो रहे हैं। बिला प्रकाशन की कार्यवाही कराये हुए तामीला संभव नहीं है।

अतः प्रार्थना है कि उपरोक्त मुकदमें में रेस्पान्डेन्ट संख्या १/१/१ व १/१/२ पर तामीला हेतु प्रकाशन की कार्यवाही कराये जाने की अनुमति प्रदान की जाए।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थना पत्र २७–ग–२ न्यायहित में स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थना पत्र २७–ग–२ स्वीकार किया जाता है। अपीलान्ट्स को निर्देशित किया जाता है कि पैरवी अन्दर सप्ताह करना सुनिश्चित करें। पत्रावली दिनांक ०५.०३.२०२१ को वास्ते सुनवाई पेश हो।

(विकास वर्मा)
विशेष न्यायाधीश (ई०सी०एक्ट)/
अपर सत्र न्यायाधीश प्रतापगढ़।

Digitally signed by Vikas Verma
Date: 2021.02.05 16:52:12 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court